## आज का मौसम

बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश

37.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- श्री गुरु सिंह सभा कमेटी द्वारा पौधरोपण खालसा ग्राउंड कुर्मांचल नगर में सुबह 10:30 बजे।
- राष्ट्रीय जागरण युवा संगठन द्वारा इकाई का गठन दोपहर 3 बजे।
- पंजाबी महासभा सोसाइटी द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब एक ई-रिक्शा गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब संजय नगर में रात 8 बजे।













## पैसे की बर्बादी : नया बना रहे, पुराने हो गए खराब

एक ओर जहां स्मार्ट सिटी के तहत बरेली कॉलेज चौराहे पर फाउंटेन का निर्माण कराया जा रहा है तो दूसरी ओर जिन स्थानों पर फाउंटेन हैं, वे धूल फांक रहे हैं। इनमें से कुतुबखाना घंटाघर, चौकी चौराहा और सर्किट हाउस चौराहा स्थित गोविंद बल्लभ पंत पार्क में फाउंटेन खराब पड़े हैं। नगर निगम के अफसर इनकी सुध नहीं ले रहे हैं। ये पैसे की बर्बादी नहीं तो और क्या है।

फोटो और विवरण : **मोहित कुमार सिंह**

## एक नजर

### दरोगा से लेकर बड़े अधिकारी को रुपये देने का पत्र वायरल

**बरेली, अमृत विचार :** प्रदेश की नामी मीट फैक्ट्री का पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें दरोगा से लेकर बड़े अधिकारी तक को हर माह रुपये देने का जिक्र किया गया है। हालांकि इस पत्र की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। वायरल पत्र में मीट फैक्ट्री के ऑफिस में होने वाले खर्च का डेटा होने का दावा किया जा रहा है। उसमें लखीमपुर जिले के अधिकारी सहित बहराइच, फखरपुर, कैसरगंज, चांदपुरा और आरटीओ के नाम शामिल हैं। इन्हें अलग-अलग 10 से 50 हजार रुपये तक देने का दावा किया गया है। ये पैसे दिसंबर 2020 में दिए गए थे।

### सावन में अंडों की खपत कम, कैरी ने दाम घटाए

**बरेली, अमृत विचार :** सावन में अंडों की खपत कम हो गई है। इसको देखते हुए केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (कैरी) ने अंडों के दाम कम कर दिए हैं। एक दिन पहले निदेशक डॉ. अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। निदेशक के अनुसार संस्थान में अंडे की खपत कम होने पर दामों को संशोधित किया गया है। पहले अंडा 110 रुपये किलो की दर से बिक रहा था। अब 80 रुपये की दर से बिकेगा। चटके हुए अंडे का दाम 55 से घटाकर 40 रुपये प्रति किलो, बटेर के अंडे जो 60 रुपये सैकड़ा मिल रहे थे, वे अब 30 रुपये के सैकड़ा की दर बेचे जाएंगे। बिक्री काउंटर पर नई दरों की सूची को चस्पा कर दिया गया है। बुधवार से नई रेट पर ही अंडों की बिक्री की गई।

# अधिकारी समस्याएं न सुनें तो हमें बताएं

## बरेली और मुरादाबाद मंडल के विधायक और मंत्रियों ने की मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ बरेली

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अधिकारियों के स्तर पर अगर क्षेत्रीय जनता की समस्याएं न सुनीं जाएं तो सीधे उन्हें बताएं। लोगों की हर समस्या का समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बुधवार को सरकारी आवास पर बरेली और मुरादाबाद मंडल के विधायक और मंत्रियों के साथ शिष्टाचार भेंट के दौरान उन्हें यह भरोसा दिलाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक अपने क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाएं और लोगों की समस्याएं सुनने के साथ निस्तारण कराने का प्रयास करें। जनता में अपनी पकड़ मजबूत करें। लोकसभा चुनाव के दौरान जो भी कमी रह गई हो, उसे दूर करें, ताकि 2027 के विधानसभा चुनाव में इसका फायदा मिल सके। मुख्यमंत्री ने विधायकों से चुनाव के दौरान उन्हें मिले वोट के बारे में भी जानकारी ली। वोट प्रतिशत में कमी और कारणों पर चर्चा की। कई विधायकों ने विपक्षी दलों की ओर से संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने जैसी बयानबाजी को निराशाजनक प्रदर्शन का कारण बताया। उनका कहना था कि इसी कारण से वोट प्रतिशत में कमी आई है। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि सभी विधायक क्षेत्र में अधिक से अधिक समय दें। विकास की योजनाओं पर जोर दें। मुख्यमंत्री से मिलने वालों में मंत्री सुरेश खन्ना, संजय सिंह गंगवार, धर्मपाल सिंह, विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, डॉ. एमपी आर्या, प्रो.श्याम बिहारी लाल, स्वामी प्रवक्ता नंद, महेश गुप्ता, हरीश शाक्य, विवेक वर्मा, वीर विक्रम सिंह, राजीव कुमार सिंह, बाबू राम पासवान, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, कुंवर महाराज सिंह आदि शामिल हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते विधायक और मंत्री। ● अमृत विचार

### मेयर ने अटके प्रोजेक्टों के बारे में मुख्यमंत्री को बताया

- कहा-विकास कार्यों में देरी से लोगों को हो रही परेशानी
- मुख्यमंत्री ने बदलाव नजर आने का दिया आश्वासन

**बरेली, अमृत विचार :** मेयर डॉ. उमेश गौतम ने बुधवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से मुलाकात की और विकास के अटके प्रोजेक्टों के बारे में बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि वह अफसरों को निर्देशित करें, ताकि वे काम में तेजी लाएं।

मेयर ने बताया कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। विकास कार्य धीमी गति से हो रहे हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि कुछ दिनों में बदलाव दिखेगा। अधिकारियों के पास निर्देश पहुंच जाएगा। मेयर की मुख्यमंत्री से करीब 45 मिनट वार्ता हुई। मेयर ने बताया कि बरेली के विकास को लेकर बात हुई है। इसमें अधिकांश उन बातों को हमने बताया है कि जो प्रोजेक्ट अटके हुए हैं। इसके कारण लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। नगर निगम और स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट पर बात की है। उन्होंने बताया कि 15 वें और राज्य वित्त से होने वाले कार्यों पर विस्तार चर्चा हुई है। हमने बताया कि काम की गति काफी धीमी है। इस वजह से लोग नाराज हो रहे हैं। मेयर ने कहा कि सीएम ने आश्वासन दिया है कि कुछ दिनों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लान की बाधा को दूर किया जाएगा। इसके अलावा अन्य समस्या का निदान भी प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।



मुख्यमंत्री से प्रोजेक्टों पर चर्चा करते मेयर डॉ. उमेश गौतम।

### तीन सप्ताह में मांगा था प्रस्ताव, अब तक जमीन ही चिह्नित नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** शासन ने पर्यटन से जुड़ी सुविधाओं को स्टेट और नेशनल हाईवे पर बढ़ाने के लिए विभाग को एक से पांच एकड़ भूमि चिह्नित कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए थे, लेकिन एक महीने के बाद भी विभाग भूमि को चिह्नित नहीं कर पाया है। इस वजह से प्रोजेक्ट अधर में लटका हुआ है।

दरअसल, प्रदेश सरकार का जोर पर्यटन को बढ़ावा देने पर है। इसके लिए जिले में आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों को स्टेट हाईवे और नेशनल हाईवे के पास ढाबा, पार्किंग के साथ ही पर्यटन से जुड़ी अन्य सुविधाएं विकसित करने की योजना है। पिछले महीने पर्यटन महानिदेशक मुकेश कुमार मेश्राम ने पत्र भेजकर पर्यटन विभाग को एक से लेकर पांच एकड़ जमीन की तलाश करने के लिए कहा था, जिसमें प्राथमिकता निशुल्क सरकारी जमीन को लेकर है। महानिदेशक ने कहा है कि अगर निशुल्क जमीन नहीं मिलती है तो विभाग जमीन को खरीदेगा। इसके लिए पर्यटन विभाग को अधिग्रहण प्रस्ताव बनाकर तीन सप्ताह में भेजने के लिए निर्देश दिए गए थे, लेकिन अभी तक प्रस्ताव नहीं भेजा गया है। उप निदेशक पर्यटन ब्रजपाल सिंह ने बताया कि जमीन की तलाश के लिए सभी एसडीएम को पत्र लिखा गया है। विभाग भी प्रयास कर रहा है। अभी उपयुक्त स्थान पर जमीन नहीं मिल सकी है। कोशिशें जारी हैं।

## बुखार : दो महीने में चार बच्चों में मिले मेनिनजाइटिस के लक्षण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला अस्पताल में बढ़ रहे संदिग्ध मरीज, हायर सेंटर किए जा रहे रेफर

**अमृत विचार :** अगर बच्चों को बुखार आए तो परिजन इसकी अनदेखी न करें, क्योंकि अगर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो बुखार बच्चों के दिमाग पर गंभीर असर डाल सकता है। जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में दो महीने में ऐसे चार बच्चों में मेनिनजाइटिस के लक्षण मिले हैं। इनके सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। संदिग्ध मरीजों को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है।

एडीएसआईसी एवं वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अलका शर्मा के अनुसार बच्चे को लगातार बुखार आ रहा है तो इसको नजर अंदाज न करें। मेनिनजाइटिस बीमारी एक विषाणु ग्रुप बी वायरस के कारण होती है। यह विषाणु बहुत थोड़े समय में मस्तिष्क के स्पाइनल कार्ड, झिल्लियों (मेनिनजीज) में संक्रमण पैदा करता है। रोकथाम न होने पर यह जानलेवा साबित हो सकता है। इसलिए बच्चे को दो दिन से अधिक बुखार आए तो तुरंत चिकित्सक की सलाह लें।



वार्ड में भर्ती बच्चे और मौजूद तीमारदार।

### ये हैं लक्षण

बुखार, सिर दर्द, गर्दन में अकड़न, पेट खराब होना, उल्टी आना, चिड़चिड़ापन, भूख न लगना, मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को ढकने वाली परत में सूजन आना आदि।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

S.R. INSTITUTIONS
Approved by PCI, AICTE, INC, DGT New Delhi
Affiliated to AKTU, BTE, UPSMF, ABV Medical University, Uttar Pradesh Lucknow
Registration Open 2024-25
B.Sc. (Nursing) GNM DPT
B.PHARMA D.PHARMA
ITI Courses
ELECTRICIAN 2 Years Course | COPA 1 Year Course | H.S.I. 1 Year Course | RADIOLOGY TECHNICIAN 2 Years Course
Add. : Maikpur, Bhuta-Faridpur Road, Bhuta, Bareilly, UP-243503
Contact : 9720456885, 9837464606

वात्सल्य सेवा संस्थान (डे बोर्डिंग)
73, रेसीडेन्सी गार्डन, स्टेडियम रोड, बरेली।
मानसिक व शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों हेतु विशेष शिक्षा केन्द्र
सुविधायें : स्पेशल एजूकेशन, एक्टीविटीज़ ऑफ डेली लर्निंग (ए.डी.एल. ट्रेनिंग) ऑक्यूपेशनल थेरेपी, फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, नैचुरल थेरेपी, योगा, म्यूज़िक एवं डांस थेरेपी, वोकेशनल ट्रेनिंग, आई.क्यू. टेस्ट, काउंसलिंग, ओरल मोटर थेरेपी, स्पोर्टस ट्रेनिंग प्रोग्राम, आउटडोर ट्रेनिंग प्रोग्राम जिम, फुल एयर कंडीशन रजि नं. IN UP 483052511690707
मो. 9358268401, 7310999730

सांई पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एण्ड सांई अस्पताल
(UP State Medical Faculty Lucknow)
प्रवेश सत्र : 2024-25
छात्रवृत्ति उपलब्ध
• Diploma OT • Diploma Dialysis • Diploma Cardio
Stadium Road, Bareilly
Call us : 6399449913, 7253077077

उत्तर प्रदेश सरकार व नीति आयोग द्वारा रजिस्टर्ड Reg. No.201900787012235
Social Welfare Service Trust (NGO)
एक कदम समाज की ओर.... (समाज कल्याण सेवा ट्रस्ट)
समाज कल्याण सेवा ट्रस्ट NGO द्वारा बरेली के टॉप कॉलेज व यूनीवर्सिटी में सीधे प्रवेश लें
Admission Open 2024
NGO द्वारा SC/ST छात्र/छात्राओं के लिए फ्री प्रवेश किताबे व यूनीफार्म फ्री
Polytechnic/GTI | B.B.A | B.C.A | B.Tech | M.B.A | M.C.A
PARAMEDICAL PHARMECY
DPT | D.R.(Opt) | OT | X-RAY | GNM (Note: Paid Course) | ANM (Note: Paid Course) | B. Pharma | D. Pharma (नोट: JEECUP परीक्षा अनिवार्य)
AAYURVEDIC COURSE
GNM | ANM | B. Pharma
EDUCATION COURSE
B.Ed | M.Ed | BTC
नोटः- किसी भी कोर्स में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों के 60% अंक व 2 लाख सालाना आय से कम का आय प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है।
OBC/Gen./Other छात्र/छात्राओं को प्रवेश लेने पर विशेष छूट मिलेगी
Office Add. Mahanagar Colony Gol Chakkar, Near PNB ATM Gate No.1, Pilibhit bypass, Bareilly
M. 9045350563, 7310916076, 9027260563
ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। Website - www.sksa.org.in Email: skseva6@gmail.com

# मुरादाबाद यार्ड में पानी भरने से सिग्नल फेल, ट्रेनें प्रभावित



बरेली जंक्शन पर खड़ी काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस और मौजूद यात्री। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीच रास्ते में खड़ी कर दी गईं अप और डाउन लाइन की ट्रेनें
- सुबह ट्रेनों को संचालन हुआ बहाल दो से साढ़े चार घंटा ट्रेनें लेट

**अमृत विचार :** भारी बारिश के कारण मुरादाबाद में मंगलवार देर रात रेलवे ट्रैक पर पानी भरने से सिग्नल फेल हो गया। इसकी वजह से बरेली जंक्शन पर अप और डाउन लाइन की दो दर्जन से ज्यादा ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। जंक्शन पर रात को आने वाली ट्रेनें सुबह तक पहुंचीं। ट्रेनों के इंतजार में यात्री परेशान होते रहे।

बुधवार को 20939 अहमदाबाद सुल्तानपुर 2 घंटा 50 मिनट, 14524 हरिहर एक्सप्रेस 4 घंटा 14 मिनट, 12370 कुंभ एक्सप्रेस 4 घंटा 08 मिनट, 12470 जम्मूतवी कानपुर सेंट्रल 4 घंटा, 12430 नई दिल्ली लखनऊ एसी एक्सप्रेस 3 घंटा 30 मिनट, 12232 चंडीगढ़ लखनऊ एक्सप्रेस 4 घंटा 30 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंची। इसके अलावा मुरादाबाद की तरफ जाने वाली सत्याग्रह एक्सप्रेस, महामना एक्सप्रेस, पद्मावत एक्सप्रेस, लखनऊ चंडीगढ़ एक्सप्रेस, लखनऊ मेल, लोहित एक्सप्रेस बरेली से निकलने के बाद कई घंटा लेट हो गई। वहीं, 04304 दिल्ली बरेली पैसेंजर को डायवर्ट कर दिया गया। यह ट्रेन रामपुर के रास्ते चलाई गई। ट्रेन दो घंटा से ज्यादा की देरी से यहां आई। अप और डाउन लाइन की कई ट्रेनों को बीच रास्ते पर खड़ा कर दिया गया। सुबह ट्रेनों का संचालन सुचारू हो सका। इसके बाद ही यात्रियों को राहत मिली।

### ओपीडी परिसर में निकला सांप, मरीजों में भगदड़



**बरेली, अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल के ओपीडी परिसर में सांप निकलने पर स्टाफ और मरीजों में भगदड़ मच गई।

बुधवार को ओपीडी में डॉक्टरों के कक्ष के बाहर मरीजों की लंबी लाइनें लगी हुई थीं। सब कुछ सामान्य चल रहा था। अचानक स्वास्थ्य कर्मी सांप-सांप कहते हुए जोर-जोर से चिल्लाने लगे, यह सुनते ही मरीज घबरा गए और इधर-उधर भागने लगे। दरअसल, ओपीडी परिसर से पर्चा काउंटर के बीच वाले रास्ते पर करीब छह फुट लंबा सांप दीवार पर चढ़ने का प्रयास कर रहा था। यह देखकर वहां हड़कंप मच गया। बाद में कर्मियों ने सांप को भागने का प्रयास किया। हालांकि कुछ देर बाद सांप परिसर से मानसिक चिकित्सालय की दीवार की ओर चला गया।

# नगर निगम : निर्माण विभाग के दामन पर लग रहे भ्रष्टाचार के दाग

- इंजीनियरों की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल, हो रही किरकिरी
- विधायक, मेयर, नगर आयुक्त तक कर चुकी हैं शिकायत

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम के निर्माण विभाग के कुछ इंजीनियर के दामन पर भ्रष्टाचार के दाग लग रहे हैं। इस वजह से आए दिन निगम की किरकिरी हो रही है। जनप्रतिनिधि और अधिकारी इंजीनियरों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर चुके हैं। विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। लगातार शिकायतें शासन तक पहुंच रही हैं।

भाजपा के मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा और नवाबगंज के विधायक डॉ. एमपी आर्य के शिकायत के बाद एक बार फिर से निर्माण विभाग के कुछ इंजीनियरों की कार्यशैली पर अंगुली उठने लगी हैं। बुधवार को नगर निगम में कुछ इंजीनियरों को लेकर चर्चा होती रही। जून में मुख्य अभियंता पुनीत कुमार ओझा का ट्रांसफर हुआ था। उनके समय में निर्माण की कार्यशैली पर मेयर डा.उमेश गौतम और नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने सवाल उठाया था। इतना नहीं इन्होंने नगर आयुक्त के आदेशों की अवहेलना भी कर दी थी। शासन में शिकायत होने पर उन्हें यहां से जाना पड़ा था। इससे पहले मई 2023 में चीफ इंजीनियर भूपेश कुमार सिंह को शिकायतों के आधार पर निलंबित कर दिया गया था। उनपर विकास कार्यों में गुणवत्ता न होने, ठेकेदारों के लंबे समय से भुगतान न होने, कमीशन आदि के आरोप लगे थे।

पिछले सप्ताह ठेकेदार की सड़क निर्माण और बकाया भुगतान को लेकर अधिशासी अभियंता दिलीप कुमार शुक्ला से नोकझोंक हुई थी। फर्म के मालिक जेपी भाटिया का आरोप था कि करीब 50 लाख रुपये के कार्यों के भुगतान संबंधी फाइलें एक्सईएन ने बेवजह रोक रखी हैं। मामले में नगर आयुक्त ने एक्सईएन को चेतावनी दी थी। मई में मेयर डॉ. उमेश गौतम ने निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान कहा था कि मुख्यमंत्री का आदेश है कि फाइलें न अटकाई जाएं, पर निर्माण विभाग इसकी अनदेखी कर रहा है। अब भाजपा के दोनों विधायकों ने निर्माण विभाग के इंजीनियरों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। इनका भी यही आरोप है कि कमीशन के चक्कर में घटिया निर्माण किया जा रहा है। ठेकेदारों का भुगतान बिना कारण रोका जा रहा है।




> दोनों विधायकों के शिकायती पत्र के बारे में अभी शासन से जांच नहीं मिली है। इसकी जानकारी हमें नहीं थी। एक फर्म मालिक की कुछ दिन पहले अधिशासी अभियंता से नोकझोंक हुई थी, लेकिन फर्म मालिक ने कोई लिखित शिकायत नहीं की थी, अगर शिकायत मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
> 
> **-निधि गुप्ता वत्स**, नगर आयुक्त

# आज होगा सर्किल रेट पर आपत्तियों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सभी तहसीलों से आई हैं 20 आपत्तियां
- 1 अगस्त से लागू हो सकता है नया सर्किल रेट

**अमृत विचार :** प्रस्तावित सर्किल रेट पर आईं आपत्तियों का निस्तारण गुरुवार को विकास भवन के सभागार में होगा। सभी तहसीलों से सिर्फ 20 आपत्तियां आई हैं। विभाग के मुताबिक इन आपत्तियों में कोई दम नहीं है। इससे संभावना है कि 1 अगस्त से नया सर्किल रेट लागू हो जाएगा।

नए सर्किल रेट को लेकर 22 जुलाई को आपत्तियां मांगी गईं थीं। इसमें सदर तहसील से 5, फरीदपुर, आंवला और बहेड़ी से 4-4, मीरगंज से 1, नवाबगंज से 2 आपत्तियां आई हैं। इन्हें विभाग ने सूचीबद्ध कर लिया है। विभाग के अनुसार आपत्तियों में कुछ गांवों के लोगों का कहना है कि उनके गांव से हाईवे है, लेकिन सर्किल रेट कम है। कुछ लोगों का कहना है कि गाटा संख्या गलत है। आपत्तियों को लेकर विभाग के जिम्मेदारों का कहना है कि ऐसी एक भी आपत्ति नहीं आई है, जिससे प्रस्तावित सर्किल रेट में बदलाव किया जा सके।

जिन लोगों के गांव हाईवे से सटे हैं, वहां हाईवे के पास की भूमि का रेट बढ़ा गया है, लेकिन जो गाटा संख्या सड़क से नहीं जुड़ी है, उसका सर्किल रेट नहीं बढ़ाया गया है। इसे भी प्रस्तावित सर्किल रेट से निर्धारित करने की मांग की गई है। फिलहाल, इससे साफ है कि आपत्ति निस्तारण बैठक में प्रस्तावित सर्किल रेट में कोई बदलाव नहीं होने वाला है।

### हर तहसील के 50-50 गांवों के सर्किल रेट में होगा बदलाव

प्रस्तावित सर्किल रेट का असर सूचीबद्ध सभी गांवों पर पड़ेगा। नए सर्किल रेट के निर्धारण में ऐसे गांवों को शामिल किया गया है, जहां पर बैनामा अधिक होते हैं। इसमें बरेली सदर, आंवला, बहेड़ी, फरीदपुर, मीरगंज और नवाबगंज तहसीलों से 50-50 गांवों को लिया गया है। करीब 600 गांवों के सर्किल रेट में 1 अगस्त से बदलाव करने की तैयारी है। जबकि अन्य गांवों का सर्किल रेट पूर्ववत ही रहेगा। इसके अलावा नगरीय क्षेत्रों भी ध्यान दिया गया है कि पहले क्या सर्किल रेट था। कितनी प्रापर्टी की खरीद और बिक्री होती है, जहां पर अधिक बैनामा होते हैं, वहां का सर्किल रेट तीन से पांच हजार रुपये बढ़ाया गया है।

> आपत्तियों के निस्तारण के लिए गुरुवार को बैठक होगी। करीब 20 आपत्तियां आईं, लेकिन ऐसे कोई आपत्ति नहीं है, जिससे प्रस्तावित सर्किल रेट में फिर से बदलाव किया जाए। 1 अगस्त से नया सर्किल रेट लागू होने की संभावना है।
> 
> **-तेज सिंह यादव**, एआईजी स्टांप

सप्तम पुण्यतिथि
आज ही के दिन आप हम सभी को छोड़कर पंचतत्व में विलीन हो गये थे। आपकी सप्तम पुण्यतिथि पर हम आपको श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।
आपको कोटि-कोटि नमन। ॐ शांति!
शोकाकुल : गौरव श्रीवास्तव- कुमकुम श्रीवास्तव
विश्वजीत श्रीवास्तव-कोमल श्रीवास्तव (पुत्र -पुत्रवधू)
शिखा - रजत श्रीवास्तव (पुत्री-दामाद) आयुषी (पुत्री)
अक्षिता- आराध्या (नातिन) माधव (धेवता)
डॉ. हरीश श्रीवास्तव
देहावसान : 25.07.2017
फर्म ● डॉ. हरीश मेडिकल स्टोर ● डॉ. हरीश प्रॉपर्टीज एंड संस ● डॉ. हरीश बारात घर
निवास : मां नीरू भवन बदायूं रोड साउथ सिटी गेट नं 2 करगैना बरेली।
9719463319, 9627886667

# जिलों की खराब रैंकिंग पर कमिश्नर नाराज अगले महीने शीर्ष 10 में पहुंचने का लक्ष्य

## जिलाधिकारी शाहजहांपुर और बदायूं को रैंकिंग में सुधार लाने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- लंबित वादों के निस्तारण में तेजी लाने पर दिया जोर खोदी गई सड़कों की मांगी आख्या

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बुधवार को कमिश्नरी सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक में विकास के कार्यों में जून की प्रदेश स्तरीय जारी रैंकिंग में मंडल की स्थिति अच्छी नहीं होने पर नाराजगी जताई। प्रदेश में पीलीभीत की 11वीं, बरेली की 21वीं, बदायूं की 43वीं, शाहजहांपुर की 64 वीं रैंक आई है। कमिश्नर ने जिलाधिकारी शाहजहांपुर और बदायूं को निर्देश दिए कि रैंकिंग में सुधार कर आगामी माह में 10 अग्रणी जिलों में शामिल हों।

मंडलायुक्त ने उपनिदेशक पंचायत और एडी हेल्थ को निर्देश दिए कि जिलों में साफ-सफाई, एंटी लार्वा का छिड़काव कराएं। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर सभी मार्गों को तत्काल सही करने के लिए कहा है। हर घर नल योजना की समीक्षा के दौरान सीडीओ बदायूं ने बताया कि तहसील सहसवान से शिकायतें आई हैं कि कार्यदायी संस्था ने सड़क खोद कर छोड़ दी है। कमिश्नर ने कार्यदायी संस्था और अधिशासी अभियंता जल निगम से मौके की जांच कर आख्या मांगी। अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा में कहा गया कि प्रत्येक दशा में 31 जुलाई तक कार्य पूरा करा लिया जाए। निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने और सहभागिता योजना के तहत उनका सत्यापन कराने के लिए कहा।

एडीएम प्रशासन को निर्देश दिए कि राजस्व कार्यों को गंभीरता से लेकर लंबित वादों की पैरवी कराकर निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी बरेली रविंद्र कुमार, जिलाधिकारी पीलीभीत संजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी बदायूं निधि श्रीवास्तव, जिलाधिकारी शाहजहांपुर उमेश प्रताप सिंह, अपर आयुक्त न्यायिक प्रीति जयसवाल, संयुक्त विकास आयुक्त प्रदीप कुमार, चारों जिलों के सीडीओ, एडीएम प्रशासन, एडी हेल्थ, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आदि मौजूद रहे।


कमिश्नरी सभागार में समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देतीं मंडलायुक्त।

### मंडल में छह परियोजनाएं शुरू कराने के आदेश

बैठक के दौरान कमिश्नर ने 50 लाख से अधिक निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि मंडल में छह परियोजनाएं शुरू नहीं हो सकी हैं, उन्हें जल्द ही शुरू कराएं।संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि जल्द ही अधूरे निर्माण कार्य को पूरा करें। उन्होंने जिन 10 परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। उन्हें संबंधित विभाग को हैंड ओवर करने के लिए कहा।

### पीलीभीत में पिछले साल रोपे गए 15 फीसदी पौधे ही बचे जीवित

बैठक में पिछले साल पीलीभीत में रोपित किए गए पौधों में 15 प्रतिशत जीवित पाए जाने की बात सामने आई। कमिश्नर ने कहा कि लगाए गए पौधों को जीवित रखने के लिए रोजगार सेवक को लगाया जाए। संबंधित अधिकारी हर तीन माह में स्वयं एक बार पेड़ों को देखने जरूर जाएं। सत्यापन भी कराने के लिए भी कहा। वन संरक्षक क्षेत्रीय निदेशक ने बताया कि 20 जुलाई को मंडल का पौधरोपण का निर्धारित लक्ष्य 1.90 करोड़ सभी जिलों ने पूरा कर लिया है, इस पर कमिश्नर ने डीएम, सीडीओ और जिला स्तरीय अधिकारियों की सराहना की।

## सार-संक्षेप

### प्रशिक्षुओं को वितरित किए प्रमाण पत्र



**बरेली, अमृत विचार :** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान की ओर से संचालित छह दिवसीय सामान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण का बुधवार को समापन हो गया। संस्थान के निदेशक शिवम कौशिक ने बैंकिंग से संबंधित जानकारी दी। निदेशक विनय राठौर, जलधारा मौर्य और दीप्ती जोशी ने सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए। कार्यक्रम के तहत डूडा ने चयनित 35 लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया था। पायल सक्सेना, आकांक्षा, रामौतार, अनिल प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन की मजबूती पर जोर



बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय लोकदल का कार्यकर्ता सम्मेलन पटेल चौक स्थित होटल में बुधवार को संपन्न हुआ। इसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि हम एनडीए गठबंधन के साथ हैं और यह गठबंधन आगे तक रहेगा। पहले उप चुनाव में एनडीए गठबंधन सम्मान के साथ रालोद को कुछ सीट देगा, अगर सीट नहीं भी देता है तो भी गठबंधन बना रहेगा। जिला अध्यक्ष मोहम्मद मतलूब ने कहा कि संगठन को जिला स्तर से वार्ड स्तर तक मजबूत किया जाएगा। सम्मेलन में मुरादाबाद जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी, महानगर अध्यक्ष विजय बहादुर सक्सेना, कुलदीप सिंह पंवार, रवि ढाका, शकील अहमद, अनिल सिंह, अनुज मैसी, सुशील पॉल, राजीव सिंह, शाकिर अली, अतर अली आदि उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ नागरिकों ने डीडीपुरम पार्क में किया पौधरोपण

**बरेली, अमृत विचार :** वरिष्ठ नागरिक कल्याण सेवा समिति ने बुधवार को डीडीपुरम पार्क में पौधरोपण किया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने 270 पौधे लगाए। इसके साथ ही उन्होंने पौधों की देखभाल करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. केए वार्ष्णेय, महासचिव एडवोकेट बीके कोचर, वीपी भारद्वाज, विपिन कोहली, संतोष गुप्ता, महेश मल्होत्रा, डॉ. आरके टंडन, डॉ. भारती सिंह, दीपक शर्मा, प्रेम शंकर अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



### कर्मचारी के निधन से टला चुनाव

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के अस्थाई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ओमप्रकाश मौर्य का हार्ट अटैक से निधन हो गया। इसकी वजह से बुधवार को होने वाला कर्मचारी कल्याण सेवा समिति का चुनाव स्थगित कर दिया गया। अब चुनाव 26 जुलाई को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक होगा। समिति के अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि चुनाव के बाद मतगणना होगी और इसके बाद प्राचार्य से मुलाकात की जाएगी।

### रोजगार मेले में 317 अभ्यर्थियों का हुआ चयन



**बरेली, अमृत विचार :** एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन पीलीभीत रोड स्थित राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज में बुधवार को किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की टेक्निकल व नॉन टेक्निकल समेत 43 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि सहायक निदेशक सेवायोजन त्रिभुवन सिंह, राजश्री संस्थान के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल, सचिव राकेश कुमार अग्रवाल, वाइस चेयरपर्सन डॉ. मोनिका अग्रवाल, प्रबंध निदेशक रोहन बंसल और ट्रस्टी अजय अग्रवाल ने किया। इस दौरान 1168 अभ्यर्थियों ने सेवायोजन संगम पोर्टल पर पंजीकरण भी कराया। सहायक निदेशक ने बताया कि मेले में 317 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। वीरेंद्र कमार, अनूप दुबे, आशीष कुमार मिश्रा, अनिल कुमार पाठक, अंकुर भटनागर व दीपाली सिंह उपस्थित रहे।

### शिविर में दिव्यांगों के दांतों की जांच की



**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ की ओर से अरोग्यम मेगा हेल्थ चेकअप प्रोजेक्ट के तहत पूजा सेवा संस्थान में निशुल्क दंत परीक्षण शिविर लगाया गया। इस दौरान चिकित्सकों ने वहां मौजूद दिव्यांगों के दांतों का परीक्षण कर आवश्यक टिप्स दिए। इस अवसर पर डॉ. सौरभ रस्तोगी ने कहा कि हम सबको दांतों की सफाई का बहुत ध्यान रखना चाहिए। डॉ. सोनिया रस्तोगी ने सावधानियां बरतने को कहा तथा किन लक्षणों को अनदेखा न करें इसकी जानकारी दी। पूर्व रोटरी गवर्नर व पूजा सेवा संस्थान के अध्यक्ष पीपी सिंह ने बताया कि आजकल बच्चों में गलत खानपान की वजह से दांतों की समस्या बढ़ रही है। इसको ध्यान में रखते हुए ही दंत परीक्षण कैंप लगाया गया। क्लब के अध्यक्ष गुलशन अरोरा, सचिव जेआर गुप्ता, डायरेक्टर कम्युनिटी सर्विस अशोक गुप्ता, हरीबाबू खंडेलवाल, सुरेश भाटिया, पूर्व रोटरी अध्यक्ष राजेश सेठ, इनरव्हील क्लब ऑफ बरेली न्यू नॉर्थ की अध्यक्ष मालती देवी आदि उपस्थित रहे।

## स्नातक में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण के आवेदन का आज अंतिम दिन


बरेली कॉलेज के सेमिनार कक्ष में काउंसलिंग के बारे मे जानकारी लेते विद्यार्थी।

- पहले चरण में पंजीकृत छात्रों के भी आज तक होंगे प्रवेश

**बरेली,अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण के पंजीकरण गुरुवार तक होंगे। इसके बाद 26 जुलाई से 5 अगस्त तक प्रथम चरण के छूटे हुए और द्वितीय चरण में पंजीकृत छात्रों की मेरिट जारी कर प्रवेश किए जाएंगे। गुरुवार तक पहली चरण में पंजीकृत छात्रों के प्रवेश होंगे। अब तक एक लाख से अधिक छात्रों के प्रवेश हो चुके हैं।

स्नातक में प्रवेश के लिए 10 मई से पंजीकरण शुरू हुए थे। प्रथम चरण में 9 जून तक पंजीकरण हुए थे लेकिन बाद में इसे बढ़ाकर 10 जुलाई कर दिया गया था और 11 से 25 जुलाई तक मेरिट जारी कर प्रवेश लेने के निर्देश दिए गए थे। वहीं दूसरे चरण में 25 जुलाई तक पंजीकरण होंगे और फिर मेरिट जारी कर प्रवेश होंगे। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. एसके पांडेय ने बताया कि द्वितीय चरण के तहत प्रवेश पंजीकृत छात्रों के मेरिट के आधार पर प्रवेश होंगे। वहीं बरेली कॉलेज में चौथी मेरिट के प्रवेश हो रहे हैं।

## यूपी जूनियर टीम में मंडल के तीन खिलाड़ी चयनित

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश जूनियर बालक फुटबाल टीम में बरेली मंडल के तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। मऊ में हुई इंटर रीजन फुटबाल प्रतियोगिता में बरेली ने अपने ग्रुप में प्रथम स्थान पाया है। बरेली के विनय कुमार, आफताब खान और मोहम्मद यासीन का चयन किया गया। टीम बुधवार को छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हो गई है। यहां यूपी की टीम अपने मैच 27, 29 , 31 जुलाई को खेलेगी। बरेली फुटबॉल संघ के सचिव मून रॉबिंसन और अन्य पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

## माध्यमिक शिक्षकों का धरना आज

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी माध्यमिक शिक्षक संघ के सुभाष नगर स्थित कैंप कार्यालय पर मंडलीय अध्यक्ष डॉ. रणविजय सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिलाध्यक्ष नवनीत शर्मा ने बताया कि पुरानी पेंशन, निशुल्क चिकित्सा, आठवां वेतन आयोग का गठन, महिला शिक्षकों की सुरक्षा व सुविधा, कोरोना काल में रोके गए महंगाई भत्ते आदि मांगों को लेकर 25 जुलाई को यानी आज 2 से 4 बजे के बीच जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना, प्रदर्शन किया जाएगा। मंडलीय मंत्री डॉ. नरेश सिंह ने बताया कि इस दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा जाएगा। प्राथमिक शिक्षक संघ के मंडलीय मंत्री व जिलाध्यक्ष मुकेश चौहान ने बताया कि उनके संगठन ने भी पूरे प्रदेश में होने वाले धरने का समर्थन किया है। जिला मंत्री मुन्नेश अग्निहोत्री ने कहा कि यदि मांगों को लेकर शासन की ओर से कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया तो 9 अगस्त को बाइक रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## स्कूलों में कम बच्चों ने खाया खाना प्रधानाध्यापकों से जवाब तलब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर के 49 और भुता के 93 स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को दी गई कड़ी चेतावनी

**बरेली, अमृत विचार :** जुलाई में अब तक की विभागीय रिपोर्ट के अनुसार जिले भर के परिषदीय स्कूलों में 65 फीसदी से भी कम बच्चों को एमडीएम का लाभ मिला है। इस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापकों को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर वेतन कटौती किए जाने की भी चेतावनी दी है।

उधर शिक्षकों का कहना है कि इस माह तीन-चार दिनों तक लगातार बरसात के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में कई दिनों तक सड़कें जलमग्न हो गई थीं। स्कूल परिसर में भी कई दिनों तक जलभराव की स्थिति बनी रही थी, जिस कारण बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पा रहे थे। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार भुता और नगर क्षेत्र की स्थिति बेहद खराब है। नगर के 49 और भुता के 93 स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को कड़ी चेतावनी देने के साथ स्पष्टीकरण मांगा गया है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि बरसात के कारण यह स्थिति बनी, इसकी जानकारी होने के बावजूद शिक्षकों के खिलाफ स्पष्टीकरण व वेतन कटौती करना अनुचित है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने कहा है कि स्कूलों में एमडीएम के तहत बच्चों की उपस्थिति कम होना चिंताजनक है। इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। जरूरत पड़ी तो उचित कार्रवाई भी की जाएगी।

## टी-20 टूर्नामेंट में इन्फिनिटी ने स्टार बेस को हराया

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीगंज स्थित क्रिकेट मैदान में टी-20 टूर्नामेंट में बुधवार को स्टार बेस 11 और इन्फिनिटी क्लब के बीच मैच हुआ। इसमें इन्फिनिटी क्लब ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्टार बेस की टीम ने 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 175 रन बनाए। असद ने सर्वाधिक रन बनाए। जवाब में उतरी इन्फिनिटी की टीम 139 रन ही बना सकी। टेनी ने 22 और एमपी ने 24 रन बनाए। असद को मैन ऑफ द मैच चुना गया। कमेंटेटर की भूमिका राजू खरे ने निभाई। इस दौरान अमन बजाज, गगन मेहरोत्रा, पवन मेहरोत्रा, अभिषेक पटेल, संदीप पॉल मौजूद रहे।




## ग्रीन एनर्जी पॉलिसी से प्रति यूनिट दो से तीन रुपये की हो सकती है बचत


स्टेशन रोड स्थित निजी होटल में बैठक करते आईआईए के पदाधिकारी। • अमृत विचार

- इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की बैठक में पॉलिसी के बारे में दी गई जानकारी

**बरेली, अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन बरेली चैप्टर की ओर से स्टेशन रोड स्थित निजी होटल में बुधवार को बैठक की गई। इसमें मुख्य अतिथि सिद्धार्थ शुक्ला ने ग्रीन एनर्जी पॉलिसी के तहत आने वाले विभिन्न प्रावधानों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 100 किलोवाट एंपीयर से अधिक लोड वाले उद्यमी जेनरेटर के माध्यम से आपूर्ति लेने के अलावा डायरेक्ट उत्पादन करने वाली कंपनियों से भी बिजली खरीद सकते हैं। तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तराखंड में यह प्रावधान पहले से है, लेकिन उत्तर प्रदेश में यह अभी लागू नहीं किया गया है। उपभोक्ता इस पॉलिसी के अंदर खरीदारी करते हैं तो उन्हें प्रति यूनिट दो से तीन रुपये तक की बचत हो सकती है।

उन्होंने बताया कि ओपन एक्सेस सोलर समाधान उन बड़े पैमाने के व्यवसायों के लिए फायदेमंद हैं, जो अपने ऊर्जा मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा का अधिक प्रतिशत शामिल करना चाहते हैं। सोलर पार्कों से वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं की ओर से कैप्टिव आधार पर बिजली खरीदी जाती है। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल ने एंड यूजर की जानकारी दी। कार्यक्रम में चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी, निवर्तमान चेयरमैन तनुज भसीन, सचिव रजत मेहरोत्रा, कोषाध्यक्ष सलिल बंसल, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश गोयल, डिवीजनल चेयरमैन विमल रिवाड़ी, एसके सिंह, कपिल चंदानी, आशुतोष शर्मा, तेजेंद्र सिंह, सुनीत मूना, राजीव आनंद, उन्मुक्त संभव शील, जितेंद्र सिंह, नवीन खटवानी, शुभम अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।




## वित्त आवंटन का दृष्टिकोण सभी राज्यों के लिए समान होना चाहिए

- साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में शिक्षिकाओं ने बजट का किया आकलन

**बरेली, अमृत विचार :** साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में बुधवार को अर्थशास्त्र विभाग ने बजट अंतर विभागीय विचारगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें अर्थशास्त्र, राजनीति और वाणिज्य विभाग की शिक्षिकाओं ने बजट का आकलन किया। अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव पर विचार रखे।

बजट में कृषि, रोजगार, कौशल विकास, सामाजिक न्याय, महिला उत्थान को ध्यान में रखा गया है। नौकरी पेशा लोगों के लिए टैक्स लिमिट बढ़ाने का कदम सराहनीय रहा है।
**-प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा**, प्राचार्य

वर्तमान बजट पर गठबंधन की तुष्टीकरण की छाया है, जिस पर चुनाव परिणाम का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से दिख रह है। जिसका फायदा साफ तौर पर बिहार और आंध्रप्रदेश को मिलेगा।
**-प्रो. प्रीति पाठक**, राजनीति विभागाध्यक्ष

बजट में शिक्षा के क्षेत्र में निवेश में वृद्धि से व्यावसायिक ट्रेनिंग और स्टेम शिक्षा देश को जल्द ही विश्व का ज्ञान केंद्र बनाने में सफल होगी। साथ ही इंटर्नशिप और कौशल विकास में व्यय का प्रावधान भी सराहनीय है।
**-डॉ. रीना टंडन**, अर्थशास्त्र विभाग

युवाओं के लिए इंटर्नशिप और कौशल विकास कार्यक्रम अच्छी पहल है। वित्त आवंटन का दृष्टिकोण सभी राज्यों के लिए समान होना चाहिए। 4.9 प्रतिशत राजकोषीय घाटा अभी भी चिंताजनक है।
**-प्रो. अनामिका कौशिवा**, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष

मध्यम वर्ग के लिए बजट सराहनीय है। क्योंकि आयकर स्लैब में बदलाव मध्यम वर्ग की मांग थी। सभी वर्गों को कुछ न कुछ मिला है, लेकिन शेयर मार्केट में इस बार कर लगाए गए हैं जिससे स्टॉक मार्केट पर शिकंजा कस गया है।
**-डॉ. अर्चना शर्मा**, अर्थशास्त्र विभाग

कैंसर से संबंधित दवा, मोबाइल का सस्ता होना तकनीकी स्तर पर सशक्त करता है। वाटर मैनेजमेंट, स्ट्रीट मार्केट पर फोकस करना उचित कदम है, लेकिन लांग टर्म कैपिटल गैन में इंडेक्सिंग को हटाना कुछ असुविधाजनक है।
**-डॉ. प्रज्ञा रावत**, वाणिज्य संकाय

## रेलवे कर्मचारियों के लिए नहीं है एनपीएस में 14 प्रतिशत की कटौती

**बरेली, अमृत विचार :** नरमू के केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने कहा कि बजट को लेकर रेल कर्मचारियों को यह भ्रम है कि एनपीएस में 10 के स्थान पर उनसे 14 प्रतिशत की कटौती की जाएगी। बताया कि कर्मचारी इस भ्रम को मन से निकाल दें। जैसा वो सोच रहे हैं, वैसा नहीं है। यह केंद्रीय कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। बताया कि जो अभी तक एनपीएस में कटौती हो रही थी, वही होगी।

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग [COLO-RECTAL-CENTER]

28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली

9897030475

9411221895

7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)

B.Sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी

गुरु /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली

भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली

Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)

B.A.M.S., M.S सर्जरी

क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण

मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय

प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक

सायं 7:00 से 8:00 बजे तक

रविवार

प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक

सायंकाल अवकाश


## विवाद के बाद यात्री के पैसे लेकर भागा टेंपो चालक

**बरेली, अमृत विचार :** किराये के विवाद के बाद टेंपो चालक यात्री के पैसे छीनकर भाग गया। थाना किला पुलिस ने टेपों के नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शाही क्षेत्र के गांव सकरामपुर निवासी गुड्डू यादव ने बताया कि वह 23 जुलाई को बच्चों के साथ मिनी बाईपास पर सुबह चौरासी घंटा मंदिर के पास टेंपों से उतरे थे। उनका बेटा अमन चालक को रुपये देने लगा। अधिक किराया मांगने पर अमन और चालक में बहस होने लगी। इस दौरान चालक अमन के हाथ से 4700 रुपये छीनकर भाग गया। वह शोर मचाते हुए टेंपो के पीछे भागे लेकिन तब तक वह भाग गया। इस दौरान उन्होंने टेंपो का नंबर नोट कर लिया है। नंबर के आधार पर किला पुलिस ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# निजी बस में ट्रक ने मारी टक्कर किशोर की मौत, सात लोग घायल

## पुवायां से दिल्ली जा रही थी बस, गांव दौलतपुर में हुआ हादसा

संवाददाता, भुता

**अमृत विचार :** बीसलपुर -बरेली मार्ग पर गांव दौलतपुर मोड़ पर निजी बस में ट्रक ने टक्कर मारी दी। हादसे में एक किशोर की मौत हो गई और मां-बेटी समेत सात लोग घायल हो गए।

बुधवार शाम 9:30 बजे पुवायां से निजी बस सवारियां लेकर दिल्ली जा रही थी। बीसलपुर बरेली मार्ग पर गांव दौलतपुर मोड़ के पास ट्रक ने टक्कर मार दी, इससे सवारियों में चीख -पुकार मच गई। चालक ट्रक लेकर फरार हो गया । इसके बाद बस चालक और क्लीनर भी भाग गए। भुता पुलिस ने घायल निवासी गांव पड़ोरा थाना पुवायां निवासी गुड्डी देवी पत्नी दिलशाद, उनकी बेटी सोनी, शबनम, अफजल, मुस्कान आदि को एंबुलेंस से इलाज के लिए बरेली के अस्पताल में भेजा। हादसे में गांव नारायणपुर थाना पुवायां निवासी ईशान(14)पुत्र शकील की मौत हो गई। उसके पिता शकील और बहन खुसाना को भी मामूली चोटें आईं हैं। पुलिस ने ईशान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इसके साथ ही बस को अपने कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर दिया है ।



हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस।

## दो बाइक की भिड़ंत में एक युवक की मौत

**बिथरी चैनपुर :** बरेली-बीसलपुर रोड पर पुरनापुर गांव के पास दो बाइक टकरा गईं। इसमें एक बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल में भिजवाया, रास्ते में उसकी मौत हो गई। कांशीराम कॉलोनी रामगंगा नगर निवासी अनुराग (21) मंगलवार शाम बाइक से कुआंडांडा की तरफ जा रहा था। जैसे ही गांव पुरनापुर के पास तभी दूसरी ओर से आ रही बाइक से टकरा गया। दूसरी बाइक पर पुरनापुर निवासी अजय और रिंकू थे। हादसे में तीनों घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया, रास्ते में अनुराग की मौत हो गई। बिथरी चैनपुर इंस्पेक्टर क्राइम अजय सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।



**जल्दबाजी से आफत में पड़ी जान**

बारिश के दौरान रिक्शा चालक ने जल्दबाजी में वाहन से बचने के लिए ब्रेक लगाया तो महिला नीचे गिर गई। ● सचिन गौड़

## स्कूल में बच्चे को परेशान करने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** बीसलपुर रोड स्थित सोबतीस स्कूल में पढ़ रहे छात्र के पिता ने जिलाधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र देकर शिकायत की है।

शिकायतकर्ता मयंक गुप्ता के अनुसार पांच दिनों से उनके बच्चे की कॉपी में तमाम गलतियां होने के बाद भी शिक्षक बिना जांचे सही कर दे रहे थे। इसकी शिकायत उन्होंने प्रधानाचार्य से की तो उन्होंने बच्चे पर विशेष ध्यान देने की बात कही। अभिभावक का कहना है कि शिक्षक उनके बच्चे को ऑफिस में ले जाकर तमाम सवाल करती हैं। इससे बच्चे का मानसिक उत्पीड़न हो रहा है। बच्चा इस रवैये से सहमा हुआ है। शिकायतकर्ता के अनुसार स्कूल के लोगों ने बच्चे का नाम कटवा लेने की बात भी कही, जबकि अब मध्य सत्र चल रहा है, ऐसे में अन्य किसी स्कूल में दाखिला भी नहीं हो सकता।

प्रधानाचार्य गुरदीप सिंह का कहना है कि बच्चे का उत्पीड़न करने का आरोप गलत है। बच्चे पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। अभिभावक का यदि यह आरोप है तो संबंधित कक्षाध्यापक को भी इस संबंध में आदेशित किया जाएगा ।

# महिला की हत्या में साधु और करीबियों पर पुलिस का शक

संवाददाता, सीबीगंज

● महिला से साधु के बताए जा रहे संबंध, जांच जारी

**अमृत विचार :** सीबीगंज क्षेत्र के खड़ौआ में 52 वर्षीय महिला की हत्या का खुलासा पुलिस पांच दिन बाद भी नहीं कर सकी है। जांच में पता चला कि महिला के साधु से संबंध थे। पुलिस ने साधु और कुछ करीबियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

थाना किला क्षेत्र निवासी महिला का 19 जुलाई को खड़ौआ स्थित एक मन्दिर के पास झाड़ियों के बीच गड्ढे में लाश मिली थी। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने पांच दिनों में शक के आधार पर पूछताछ के लिए आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है, मगर नतीजा कुछ भी नहीं निकल सका। अब पुलिस की शक की सुई साधु के किसी करीबी की तरफ घूम रही है। बताते हैं कि महिला का पति और साधु पहले साथ-साथ काम करते थे। पति की मौत के बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गईं। साधु ने महिला की काफी मदद भी की थी। उनकी बेटी की शादी भी मन्दिर पर ही हुई थी। साधु ने अपने साले का बच्चा गोद ले लिया था। चार साल पहले बाबा ने अपनी कुछ जमीन भी बेची थी। इसकी वजह से शक की सुई साधु पर जा रही है।

## दुष्कर्म पीड़िता के पिता ने दी आत्मदाह की धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** बहेड़ी थाना क्षेत्र के मोहल्ला टांडा फरीदपुर निवासी व्यक्ति ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की है। उसका कहना है कि उसकी पुत्री को एक युवक निकाह करने के इरादे से बहला-फुसला कर ले गया और दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर आरोपियों ने घर के अंदर घुसकर गाली-गलौज कर तोड़फोड़ करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि मामले में नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है। परेशान होकर उसने कार्रवाई न होने पर आत्मदाह करने की धमकी दी है।

# बिना स्वीकृति के चल रही थी ट्रैवल एजेंसी पासपोर्ट बनवाने की भी नहीं थी अनुमति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● आर्मी इंटेलीजेंस की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मारा था छापा

● ट्रैवल एजेंसी से मिले पासपोर्ट निकले सही, अभी जांच जारी

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के पटेल चौक के पास ट्रैवल एजेंसी बिना अनुमति के चल रही थी। उसके पास न तो पासपोर्ट बनवाने और न ही विदेश भेजने की कोई अनुमति थी। हालांकि ट्रैवल एजेंट के पास से मिले पासपोर्ट जांच में सही पाए गए हैं। पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है।

मंगलवार को आर्मी इंटलीजेंस और एक व्यक्ति की शिकायत पर पटेल चौक पर एक होटल वाली गली में स्थित ट्रैवल एजेंसी के कार्यालय से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया था। एजेंसी के कार्यालय से पुलिस को करीब 32 पासपोर्ट मिले थे। पुलिस ने पासपोर्ट की जांच पासपोर्ट कार्यालय से कराई तो सभी सही पाए गए हैं। इसके अलावा अन्य दस्तावेजों की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी के पास विदेश भेजने या पासपोर्ट बनाने की अनुमति नहीं है। बिना विभागीय अनुमति के कार्य करना भी गैरकानूनी बताया है। पुलिस के अनुसार यह प्रकरण लेनदेन का है। मोहनपुर ठिरिया निवासी एक महिला ने ट्रैवल एजेंसी के खिलाफ पासपोर्ट बनवाने के बहाने 10 लाख की ठगी का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।



ट्रैवल एजेंसी से मिले पासपोर्ट।

> मोहनपुर ठिरिया की एक महिला ने ट्रैवल एजेंसी के मालिक के खिलाफ पासपोर्ट बनाने के बहाने 10 लाख की ठगी का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। -पंकज श्रीवास्तव, सीओ प्रथम

# फर्जी दस्तावेजों से ऋण लेने वाला एक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● बड़ौदा यूपी बैंक की शाखा देवचरा से 20 लोगों ने की थी ठगी

**अमृत विचार :** देवचरा स्थित बड़ौदा यूपी बैंक की शाखा में फर्जी दस्तावेज लगाकर 20 किसानों ने केसीसी कार्ड बनवाकर लाखों का ऋण लिया। शाखा प्रबंधक ने थाना भमोरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

बड़ौदा यूपी बैंक की देवचरा शाखा प्रबंधक प्रेमशंकर ने 2 सितंबर 2021 में 20 जालसाजों के नाम पर थाना भमोरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शाखा प्रबंधक ने आरोप लगाया था कि वर्ष 2008 से 2016 तक ठगों ने भूमि के असली मालिकों के नाम हटाकर खतौनी में अपना नाम दर्शाकर बैंक से ऋण ले लिया था। इनमें से कुछ आरोपियों ने दूसरी बैंक में जमीन बंधक होने के बाद भी फर्जी बंधनमुक्त दस्तावेज तैयार करके किसान क्रेडिट कार्ड बनवाया था। इस मामले में फरार चल रहे गांव रफियाबाद निवासी श्याम सिंह को थाना भमोरा पुलिस ने कैंट थाना क्षेत्र के बभिया गांव से गिरफ्तार कर लिया। श्याम सिंह के खिलाफ भमोरा, कोतवाली थानों में लूट, अपहरण ठगी के तीन मामले दर्ज हैं।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी श्याम सिंह।

### इनके खिलाफ दर्ज हुई थी धोखाधड़ी की रिपोर्ट

शाखा प्रबंधक प्रेमशंकर ने थाना भमोरा में देवचरा निवासी हीरालाल, बिशारतगंज के सहासा गांव के रामनिवास, हरपाल, बादाम सिंह, सत्यपाल और छत्रपाल के अलावा भमोरा के मजनूपुर निवासी बाबू बेग और विकार अहमद, भमोरा के चकरपुर निवासी नारायण, गणेश, पंडरी के साधू सिंह, सोबरन सिंह, अनेक पाल सिंह, कैमुआ निवासी रामरक्ष पाल सिंह, प्रेमराजपुर निवासी राजाराम, रफियाबाद निवासी श्याम सिंह और रामपुर बुजुर्ग निवासी छत्रपाल सिंह, वकील रमेश चंद्र तिवारी और नेकपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## राजभर को मुसलमानों को मशवरा देने की जरूरत नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने योगी सरकार में मंत्री ओपी राजभर के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जल चढ़ाना इस्लाम मजहब में जायज नहीं है। इसलिए मंत्री को मुसलमानों को मशवरा देने की जरूरत नहीं है।

## युवक को दी जान से मारने की धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला में एक दबंग ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर युवक को जान से मारने की धमकी दी है। युवक ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। आंवला के मोहल्ला घेर सितावराय निवासी राजेश उर्फ ओके ने बताया कि कुछ दिन पहले उनका मोहल्ले के दो-तीन युवकों से विवाद हो गया था। इसके बाद आरोपियों ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। 23 जुलाई को वह रायपुर निवासी अपने दोस्त हिमांशु उर्फ सोलू के साथ मॉडल शाप पर खड़े तभी आरोपी आए और लाठी डंडों से मारपीट की। मारपीट में हिंमाशु गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने आरोपी वरुण और जय ओम के खिलाफ रिपोर्ट आंवला में दर्ज कराई है, लेकिन गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## आरोपियों की जमानत अर्जियों पर सुनवाई टली

**विधि संवाददाता, बरेली :** इज्जतनगर क्षेत्र में हाईवे पर हुए गोलीकांड में दोनों पक्षों के 10 आरोपियों की जमानत अर्जियों पर बुधवार को सुनवाई टल गई। अगली सुनवाई 29 को होगी। आरोपियों के वकीलों ने कोर्ट में स्थगन अर्जी देकर समय मांगा। दोनों पक्ष के अभिराज उपाध्याय, आदित्य उपाध्याय, आशीष, राजन राणा, अर्जुन सिंह, अनिल कुमार सन्नी, संजीव, मो. हुसैन उर्फ गोला, मनोज कटियार, गौरी शंकर की जमानत अर्जियां इज्जतनगर थाने में दर्ज दो मुकदमों में लगी हैं।

# सार-संक्षेप

## पुलिस महानिरीक्षक ने बैठक में दिए निर्देश



**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह ने रेंज के सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में शासन द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन, ऑपरेशन क्लीन, ऑपरेशन त्रिनेत्र और मिशन शक्ति फेज चार के अंतर्गत स्थापित महिला हेल्पडेस्क तथा कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने हत्या, लूट, डकैती, दुष्कर्म, दहेज हत्या, पॉक्सो एक्ट, अपहरण, गोकशी, धर्मांतरण समेत अन्य मामलों में तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। इस मौके पर बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य समेत पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर के अधिकारी शामिल रहे।

## चार्जिंग स्टेशन समेत आठ जगह बिजली चोरी पकड़ी



**बरेली, अमृत विचार :** किला क्षेत्र में ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन समेत आठ जगह पर बिजली चोरी पकड़ी गई। वहीं फरीदापुर चौधरी में विजिलेंस टीम ने सुबह चेकिंग अभियान चलाया। किला उपकेंद्र के अवर अभियंता गयादीन ने कर्मचारियों के साथ किला के हुसैन बाग में चेकिंग की तो यहां पर चोरी की बिजली से आठ ई-रिक्शा चार्ज होते मिले। वहीं कुंवरपुर, जसोली और चूना भट्टी में भी सात घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। सभी के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## समाजवादी अधिवक्ता सभा ने बनाई रणनीति

**विधि संवाददाता, बरेली :** समाजवादी अधिवक्ता सभा की मासिक बैठक कचहरी पर की गई। इसमें विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर रणनीति बनाई गई। तय हुआ कि विधानसभा क्षेत्रवार जनता को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया जाएगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद मुस्तकीम, आरडी कश्यप, हरभजन शाक्य, धर्मेंद्र गंगवार, जहांगीर बेग, रामसेवक यादव, मोहम्मद हनीफ राजेंद्र पाल, सुभाष चंद्र गुर्जर, उमेश यादव, मोहम्मद तस्लीम, अनिल कटियार, महेश कुमार यादव आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्यामवीर सिंह यादव ने की।

## एसपी सिटी और सीओ ने लिया सुरक्षा का जायजा



**बरेली, अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रहा है। बुधवार को एसपी सिटी राहुल भाटी और सीओ तृतीय अनीता चौहान ने पुलिस बल के साथ बारादरी थाना क्षेत्र के कांकरटोला, चकमहमूद, जोगीनवादा, कुतुबशाह की ज्यारत, मौर्या गली, शाहनूरी मस्जिद होते हुए वनखंडी नाथ मंदिर तक पैदल गशत की। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से शांति व्यवस्था और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। एसपी सिटी ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें। अफवाह फैलाने एवं अफवाह सुनकर प्रतिक्रिया करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मार्ग पर ड्रोन से निरीक्षण कराया गया। एसएसपी अनुराग आर्य ने साइबर सेल को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। कहा है कि कोई भी व्यक्ति फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप ग्रुप या अन्य किसी सोशल साइट पर अफवाह या भ्रामक पोस्ट न डाले। यदि ऐसा हुआ तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## ग्राम पंचायत सहायक की नियुक्ति रद करने की मांग

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** पंचायत सहायक के रिक्त पद पर गुपचुप तरीके नियुक्ति करने का आरोप गांव के शिव मंदिर के महंत हठ योगी विजय देवनाथ ने लगाते हुए नियुक्ति रद करने की मांग की। ऐसा नहीं होने पर ब्लॉक मुख्यालय पर धरना देने की दी चेतावनी। ब्लॉक मझगवां की ग्राम पंचायत बेहटा बुजुर्ग की ग्राम पंचायत सहायक ने कुछ माह पहले इस्तीफा दे दिया था तब से यह पद रिक्त चल रहा था। शासन के निर्देश पर 19 जुलाई को नियुक्ति की गई, जिसे हठ योगी ने रद्द करने की मांग की है।


प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# जिला पंचायत सदस्य के उपचुनाव में 20 प्रत्याशी मैदान में

## बीडीसी का भी एक पर्चा वापस, 6 अगस्त को होगा मतदान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला पंचायत सदस्य, प्रधान और बीडीसी के पदों पर होने वाले उपचुनाव में बुधवार को कई प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए। दो सीटों पर अब जिला पंचायत सदस्य के लिए 20 प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं। दरअसल, जिला पंचायत सदस्य के लिए बिथरी चैनपुर और नवाबगंज में एक-एक पद रिक्त चल रहा है।

यहां होने वाले उपचुनाव में बिथरी चैनपुर के लिए नौ और नवाबगंज में 13 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। बहेड़ी के अंबरपुर में सात, शेरगढ़ के बिलसा में दो, बनैया में चार, भदपुरा के चौखंडी में चार, रामनगर के लिलौर-सहसा में चार उम्मीदवारों ने प्रधान पद के लिए नामांकन पत्र जमा किया थे। क्यारा के ऐना में बीडीसी के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में थे। बुधवार को पर्चा वापसी के दिन अपराह्न तीन बजे तक जिला पंचायत सदस्य के लिए दो उम्मीदवारों ने पर्चे वापस लिए। इसके साथ ही अब बिथरी चैनपुर में आठ और नवाबगंज में 12 उम्मीदवार मैदान में हैं। बिलसा में प्रधान पद के लिए एक प्रत्याशी के पीछे हट जाने से चुनाव निर्विरोध हो गया है। बीडीसी के लिए एक पर्चा वापस हुआ है। इस तरह जिला पंचायत सदस्य के 20, प्रधान के लिए 20 और बीडीसी पद के लिए चार प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे।

### जिला पंचायत के वार्ड पांच से 12 प्रत्याशी मैदान में

**नवाबगंज, अमृत विचार :** जिला पंचायत के वार्ड पांच के सदस्य खतीब अंसारी के निधन के बाद यहां 6 अगस्त को उपचुनाव होना है। नाम वापसी के बाद यहां कुल 12 प्रत्याशी मैदान में हैं। जिनमें इस वार्ड से चुनाव जीते स्व. खतीब अंसारी की पत्नी निशा बेगम ने सपा से दावा ठोका है तो कांग्रेस से मुख्तार अहमद और बसपा से वार्ड 7 के जिला पंचायत सदस्य हाजी मुन्ने अंसारी की पत्नी अंजुम बी लियाकती मैदान में हैं। इनके अलावा अनीसा बेगम हरहरपुर, एजाज अहमद लाडपुर उसमानपुर, खदीजा फैजुल्लापुर, दीपराज सिंह हाफिजगंज, नवाब अहमद टांडा सादात, रहीस व राशिद हरहरपुर, विमलेश कुमारी हरदुआ और शाहीन बी हरहरपुर भी चुनावी मैदान में हैं। भाजपा ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। नाम वापसी के बाद अब सभी प्रत्याशी दमखम से चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। पांच डमी दावेदार हैं और शेष 7 के बीच ही मुकाबला है।

### रीता वर्मा चुनी गई बिलसा गांव की निर्विरोध प्रधान



**शेरगढ़, अमृत विचार :** बिलसा गांव के प्रधान की मौत के बाद उपचुनाव में उनकी पत्नी रीता वर्मा को ब्लॉक के अधिकारियों की मौजूदगी में निर्विरोध प्रधान चुन लिया गया। 22 जुलाई को शेरगढ़ ब्लाक में रीता वर्मा और कृष्ण पाल ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। 23 जुलाई को कृष्णपाल ने नाम वापस ले लिया। इस तरह रीता वर्मा निर्विरोध प्रधान चुनी गई। 9 अप्रैल को उनके ही बाग में आम के पेड़ पर फंदे पर प्रधान धर्मवीर वर्मा का शव मिला था। हरिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर अज्ञात में दर्ज कराया था। पुलिस विवेचना में मामला आत्महत्या का निकला था।

### रमेश निर्विरोध चुने गए क्षेत्र पंचायत सदस्य



**मीरगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र पंचायत सुजातपुर के वार्ड 40 के सदस्य के निधन के बाद पद रिक्त हो गया था। चुनाव में मात्र एक उम्मीदवार रमेश कुमार रहे, बुधवार को वह निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य चुने गए। आरओ प्रदीप कुमार, खंड विकास अधिकारी कुलदीप कुमार ने निर्विरोध चुने जाने का रमेश कुमार को प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार, नरेंद्र गंगवार, प्रधान संघ अध्यक्ष सोनू कुर्मी, एडीओ पंचायत महेश कुमार, होरीलाल आदि मौजूद रहे। इसके बाद ब्लॉक प्रमुख के कार्यालय पर सभी को मिठाई वितरित कर बधाई दी।

# पंखे का प्लग लगाते समय करंट से किशोर की मौत

संवाददाता, भोजीपुरा



● इकलौते बेटे सूरज की मौत से मां- बाप का बुरा हाल

**अमृत विचार :** भोजीपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा धौंराटांडा में ई रिक्शा चालक के 15 वर्षीय बेटे की करंट लगने से मौत हो गई। वार्ड दो निवासी पूरन उर्फ गुड्डू राठौर कस्बे में ही ई- रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करते हैं।

बुधवार सुबह बेटा सूरज राठौर खेत से जानवरों के लिए चरी काटकर लाया। पंखा चलाने के बोर्ड में पलक लगा रहा था, इसी दौरान उसे करंट लग गया, जब वह जमीन पर गिरा तो मां भागते हुए पहुंचीं। बेटे की हालत देखकर रोने लगी, पड़ोसी उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूरज कक्षा 6 का छात्र था, मौत से मां राजवती और छोटी बहन मेघा का रो- रोकर बुरा हाल हो गया।

### फंदे पर लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बहेड़ी के बिजौरिया निवासी मकसूद खां का बेटा मो. सैफ गांव में ही रिश्ते के दादा के मकान में बनी दुकान में बेल्डिंग करता था। बुधवार सुबह वह दुकान में रस्सी के फंदे से झूलता मिल रहा उसके पांव जमीन को हल्के से छू रहे थे। रस्सी की गांठ गर्दन के पीछे थी। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। कोतवाल बहेड़ी प्रवीण कुमार सोलंकी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्थिति साफ होगी।

# पहाड़ों पर मस्ती करने के लिए बाइक चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, बरेली/बहेड़ी

**अमृत विचार :** बरेली और उत्तराखंड से बाइक चोरी करने वाले दो चोरों को बहेड़ी पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की चार बाइक बरामद हुई हैं। चोरों की पहचान हाफिजगंज के गांव धर्मपुर निवासी विकास शर्मा और उत्तराखंड के रुद्रपुर के जगतपुरा निवासी अजय कुमार के रूप में हुई है।

बहेड़ी पुलिस ने बुधवार दोपहर गांव सकरस को जाने वाले रेलवे फाटक के पास चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो लोगों को पकड़ा। बाइक में नंबर प्लेट नहीं लगी थी। पुलिस ने एप से बाइक का ब्योरा देखा तो पता चला कि बाइक चार महीने पहले भोजीपुरा के दोहरिया रेलवे फाटक के पास से चोरी हुई थी। दोनों युवकों की निशानदेही पर तीन और बाइक बरामद की गईं, जिनमें दो बाइक रूद्रपुर और एक 15 दिन पहले हल्द्वानी से चुराई गयी थी। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

● बरेली और उत्तराखंड में करते थे बाइक चोरी, भेजे गए जेल

**पांच हजार में बेच देते थे बाइक:** आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वे मौज मस्ती के लिए बाइक चोरी करते थे। चोरी की बाइक पांच हजार में बेच देते थे। पैसे खर्च होने पर दोबारा चोरी करते थे। उनके पास जब एक बाइक बचती थी तो दूसरी बाइक चुराते थे। वह राह चलते ही ग्राहक मिलने पर बेच देते थे। दोनों उत्तराखंड में पहाड़ों में जाकर पार्टियां करते थे।

### पुलिस ने छह चोर पकड़े, चोरी की चार बाइक बरामद

**मीरगंज, अमृत विचार :** मीरगंज पुलिस ने छह बाइक चोरों को गांधी ईंट भट्टा अवंतिका पेट्रोल पंप के पास से पकड़ा, उनके पास से चोरी की चार बाइक बरामद की। आरोपियों से बाइकों के कागज मांगे तो वह दिखा नहीं सके। आरोपियों ने बताया कि बाइक आसपास के जिलों और राज्यों से चोरी की है। एक बाइक दो साल पहले सीबीगंज से चुराई थी। दूसरी छह महीने पहले बरेली शहर से चुराई थी। तीसरी मेरठ से चुराई थी, और चौथी मध्य प्रदेश से चोरी की थी। तीन बाइकों को फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चला रहे थे। चौथी के दोनों नंबर प्लेट धोखा देने के लिए निकाल दी थी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया। आरोपियों की पहचान अंकुर, विक्की और सोनू निवासी ग्राम भोलापुर थाना फतेहगंज पश्चिमी, अरुण निवासी ग्राम चिटोली, सत्य प्रकाश निवासी ग्राम मनकरी, और बाल अपचारी पंकज निवासी खिचड़ीपुर थाना फतेहगंज पश्चिमी को गिरफ्तार किया।

# सीएचसी पर आशाओं ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, देवरनियां




सीएचसी रिछा पर प्रदर्शन करतीं आशा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रिछा सीएचसी इंचार्ज और बीपीएम पर अवैध वसूली का आरोप लगाकर बुधवार को आशा संघ की जिलाध्यक्ष की अगुवाई में आशाओं ने प्रदर्शन किया।

सीएचसी इंचार्ज डॉ. शुएैब खान और बीपीएम अनूप यादव पर आशा कार्यकर्ताओं ने अवैध वसूली और बदसलूकी का आरोप लगाया है। बुधवार को आशा यूनियन की जिलाध्यक्ष राजश्री गंगवार और ब्लाक अध्यक्ष कुमारी देवेश की अगुवाई में आशा कार्यकर्ताओं ने सीएचसी रिछा में धरना-प्रदर्शन कर नारेबाजी की। कार्रवाई होने और वसूली गई रकम वापस होने तक आंदोलन जारी रखने की घोषणा की। इस दौरान राजश्री गंगवार, कुमारी देवेश, कुसुम, रजजवती, ममता, अनीता, प्रेमवती, प्रीति, निशा, ज्योति सिंह, प्रवेश कुमारी, पुष्पा देवी, कुसुमलता, रजनी, ऊषा, उमा, विमलेश आदि आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

सीएचसी इंचार्ज डॉ. शुऐब खान का कहना है कि आशा कार्यकर्ताओं का जो आरोप हैं, उसमें उनका कोई लेना-देना नहीं है। आशा भुगतान और मानीटरिंग बीपीसीएम हसीब अहमद करते है। मैंने अपने स्तर से भी जांच कमेटी बनाई है, जिला स्तर से भी जांच होगी तो सब साफ हो जाएगा।

# फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चावल लोड करने पहुंचा ट्रक चालक

संवाददाता, भोजीपुरा

● संदेह होने पर मिल मालिक ने चालक को पुलिस को सौंपा

**अमृत विचार :** लालकुआं ट्रांसपोर्ट से धौंराटांडा राइस मिल पर चावल लोड करने पहुंचे ट्रक चालक को राइस मिल मालिकों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। राइस मिल मालिक की ओर से भोजीपुरा थाने में तहरीर दी गई है।

धौंराटांडा में अलफ एग्रो राइस इंडस्ट्रीज धौंराटांडा पर 22 को उत्तराखंड के लालकुआं स्थित पांडेय ट्रांसपोर्ट से एक ट्रक धौंराटांडा चावल लोड करने पहंचा। राइस मिल मालिकों ने ट्रक की आरसी चैक की। इसके बाद ट्रक के नंबर प्लेट को मोबाइल पर चेक करने पर प्लेट फर्जी है। शक होने पर मिल मालिकों ने ट्रक चालक को पकड़ कर भोजीपुरा पुलिस को सौंप दिया। मिल मालिकों ने ट्रांसपोर्टर से बात की तो ट्रांसपोर्टर ने भी ट्रक चालक को दोषी ठहराया। बुधवार को राइस मिल मालिक मोहम्मद मेराज की ओर से भोजीपुरा थाने में तहरीर दी गई। थानाध्यक्ष रामरतन सिंह ने बताया कि तहरीर मिल गई है। धोखाधड़ी का मामला है इस लिए तहरीर को विधिक राय के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। वहां से आदेश मिलते ही रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### अपहृत किशोरी का छह दिन बाद भी नहीं चला पता

**शीशगढ़, अमृत विचार :** अपहृत किशोरी का छह दिन बाद भी कोई पता नहीं चला। पीड़ित पिता ने बुधवार को एसएसपी से शिकायत करके बेटी को खोजने की मांग की है। पीड़ित पिता ने बताया कि बड़ी बेटी का मंगेतर शादी से पौने दो माह पहले छोटी बेटी को परिजनों की मदद से भगा ले गया। वह जब उसे वापस लेने गय तो उसे भी बंधक बनाकर पीटा गया। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। छह दिन बाद किशोरी को बरामद नहीं कर सकी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी नसीम अहमद, नदीम अशरफ, निजामुद्दीन उर्फ निजामी, अकलीमा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की हैं। पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत कर बेटी को बरामद करने की मांग की है। इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार ने बताया कि किशोरी को बरामद करने को टीम लगी हुई है।

### बाढ़ में बहे पुल का जिला पंचायत की टीम ने किया निरीक्षण

**कैंट, अमृत विचार :** ब्लॉक क्यारा के नबीनगर स्थित नकटिया नदी पर बने रपटा पुल के बाढ़ में बह जाने से कई गांवों का संपर्क टूट गया था। जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अमृत विचार ने इस खबर को 22 जुलाई के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर को संज्ञान में लेते हुए जिला पंचायत के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने बुधवार को नबीनगर पहुंचकर टूटे हुए पुल का निरीक्षण किया है। पुल का निर्माण 2 साल पहले जिला पंचायत निधि से कराया गया था। नकटिया नदी में आई बाढ़ से पुल टूट जाने पर जिला पंचायत को 40 लाख की क्षति हुई है। जिला पंचायत की ओर से निरीक्षण करने गए अधिकारियों ने बताया कि पुल को शीघ्र मरम्मत करा कर दुरुस्त कराया जाएगा। निरीक्षण करने वाली जिला पंचायत की टीम में अभियंता मिठाई लाल यादव, अवर अभियंता मो. मुजीब, अवर अभियंता मुकेश कुमार यादव, ठेकेदार युधिष्ठिर देव आदि लोग मौजूद रहे।

### ...और पत्नी के नौकरी करने पर राजी हो गया युवक

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस लाइन स्थित परामर्श केंद्र पर बुधवार को 22 मामले पहुंचे। इनमें आठ मामलों में काउंसलिंग की गई। एक मामले में दोनों पक्षों की सहमति से समझौता हो गया। किला की रहने वाली महिला की शादी चार साल पहले बारादरी थाना क्षेत्र के युवक से हुई थी। पत्नी का आरोप है कि पति शराब पीकर मारपीट करता है। उसका पति कोई काम नहीं करता है। वह तीन साल की बेटी के साथ मायके में रह रही है। बच्ची की खातिर वह नौकरी कर रही है, लेकिन पति नहीं चाहता है कि वह नौकरी करे। काउंसलर हरिंदर कौर चड्ढा ने महिला के पति को समझाया कि वह पत्नी को तब तक नौकरी करने दे, जब तक वह खुद नौकरी नहीं करता है। इस पर दोनों सहमत हो गए। वहीं, राजेंद्र नगर निवासी युवती को दहेज को लेकर प्रताड़ित किए जाने का मामला पहुंचा। डेढ़ साल पहले युवती की शादी मसूरी निवासी युवक से हुई थी। आरोप है कि ससुराली दहेज को लेकर उसे परेशान करते हैं। इस मामले में अगली तारीख दे दी गयी है।

# अंजुमन का चुनाव 28 को, सदर सचिव और खजांची के बीच सीधा मुकाबला

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नगर की मुस्लिम धार्मिक संस्था अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन का चुनाव 28 जुलाई को होना है। कमेटी के चार पदों सदर, नायब सदर, सेक्रेटरी और खजांची के लिए होने वाले चुनाव में सदर पद के एक दावेदार पूर्व सदर सिकंदर अली अंसारी ने नाम वापस लेने के बाद अब मुकाबले के हालात साफ हो गए हैं।

सदर के लिए अब मो. असलम अंसारी और हाजी परवेज अंसारी के बीच, सेक्रेटरी के लिए डॉ. इरफान सिद्दीकी और पूर्व सेक्रेटरी जफरुद्दीन मंसूरी और खजांची के लिए मोहम्मद अली और अनवार अहमद अंसारी के बीच सीधा मुकाबला होना है। नायब सदर के लिए अलीम अशरफी, रफीक सिद्दीकी व यूसुफ टेंट के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होना है।

### विरोधी कार्य करने का आरोप चुनाव समिति ने नकारा

अन्जुमन के सेक्रेटरी पद की दावेदारी कर रहे पूर्व सेक्रेटरी पर कमेटी के बॉयलाज के विरुद्ध कार्य करने का आरोप लगाते हुए एक सदस्य यासीन सिद्दीकी ने उनका पर्चा खारिज करने की मांग की थी, जिसे चुनाव समिति ने नकार दिया है। यासीन सिद्दीकी का आरोप है कि जफरुद्दीन मंसूरी ने वर्ष 2023 में फर्जी शपथ पत्रों के आधार पर कमेटी में 19 नए सदस्य बढ़ाए थे, जिन्हें सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स एण्ड सोसाइटीज ने जांच के बाद खारिज कर दिया था। आरोप है कि मंसूरी ने फर्जी शपथ पत्र लगाकर कमेटी के नियमों के विरुद्ध कार्य किया था और कमेटी की नियमावली की मद संख्या 5 के मुताबिक उनकी सदस्यता ही समाप्त की जानी चाहिए।

### पूर्ति निरीक्षक की टीम ने दो स्थानों से 19 सिलेंडर पकड़े

**फरीदपुर, अमृत विचार :** अवैध रूप से रिफलिंग रोकने के लिए पूर्ति निरीक्षक की टीम ने दो जगह पर छापामार कर 19 घरेलू गैस सिलेंडर और चार रिफलिंग मशीन पकड़ी। जिलापूर्ति अधिकारी के निर्देश पर टीम ने छापा मारकर बीसलपुर रोड पर शर्मा बेल्डिंग मेटेरियल और सीमेंट स्टोर नाम के भवन में घरेलू गैस के 14 सिलेंडर और दो रिफलिंग मशीन बरामद हुई। वहां मिले जोगिंदर पाल ने बताया कि वह अवैध रिफिलिंग करता है, उसके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। इसके बाद टीम अभिषेक गुप्ता के मकान से पांच सिलेंडर दो रिफलिंग मशीन पकड़ी। वहां मौजूद वेद प्रकाश गुप्ता ने बताया गया कि उनके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं है। उनका पोता अभिषेक गुप्ता घरेलू गैस सिलेंडर रिफलिंग का कार्य करता है। पूर्ति निरीक्षक कुमार सौरभ ने दोनों के खिलाफ अवैध गैस रिफिलिंग का कारोबार करने के संबंध में कोतवाली फरीदपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई। बरामद सिलेंडर धर्मेंद्र गैस एजेंसी की धार्मिक राहुल प्रताप सिंह को सौंप दिया।

# रेफर नहीं करने पर घायल के परिजनों ने किया हंगामा

**आंवला, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंवला से एक घायल को रेफर नहीं करने पर विवाद हो गया। मौके पर पहुंचे चेयरमैन ने नाराजगी व्यक्त की, तब उसे रेफर किया गया। नगर के कच्चा कटरा निवासी त्रिभुवन मौर्य अपने साथी के साथ बाइक से जा रहे था, फूटा दरवाजा घास मंडी के समीप एक कार की टक्कर से वह घायल हो गए। परिजन उन्हें थाने ले गए, जहां से उसे मेडिकल के लिए भेज दिया गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि डॉक्टर ने एक्सरे के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रेफर लेटर में 25 जुलाई का दिन डाल दिया। उन्होंने सरकारी एंबुलेंस बुलाई तो उसमें मात्र एक्सरे और अगले दिन की तिथि देख घायल को ले जाने से इन्कार कर दिया। नाराज परिजनों ने हंगामा कर दिया। घायल के परिचितों ने चेयरमैन आंवला सय्यद आबिद अली को सूचना दी। वह तत्काल अस्पताल पहुंचे। चेयरमैन के नाराजगी व्यक्त करने पर डॉक्टर ने घायल का रेफर लेटर बनाया। तब मामला शांत हुआ और परिजन घायल को जिला अस्पताल ले गए। सुनील कुमार चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने बताया कि घायल के परिजन रेफर कराने की जिद कर रहे थे। जबकि डॉक्टर को रैफर करने की स्थिति नहीं लग रही थी। घायल और चेयरमैन की इच्छा के अनुसार घायल को रैफर करा दिया गया।

## एक नजर

### स्कूल का ताला तोड़कर सामान ले गए चोर

**राजपुर कलां, अमृत विचार :** अलीगंज ब्लॉक संसाधन केंद्र परिसर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर चोर हजारों का सामान चुरा कर ले गए। प्रधानाध्यापक बनवारी लाल राठौर ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि बुधवार की सुबह जब विद्यालय पहुंचे तो ऑफिस के गेट का ताला टूटा हुआ मिला। ऑफिस में रखा इनवर्टर बैटरी स्टेबलाइजर गायब थे। प्रधानाध्यापक ने चोरों पर कार्रवाई की मांग की।

### ताले काटकर डेढ़ लाख की शराब चुरा ले गए चोर

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** शराब की दुकान के ताले काटकर चोर करीब डेढ़ लाख रुपये की शराब चोरी कर ले गए। सेल्समैन की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मंगलवार रात को ग्राम खनपुरा में स्थित सरकारी शराब की दुकान के ताले चोरों ने काटकर 46 पेटी शराब और 6 हजार नकद चुरा ले गए। बुधवार सुबह जब सेल्समैन रंजीत जायसवाल ने दुकान के ताले कटे देखे तो उसने 112 पुलिस को सूचना दी तो टीम ने पहुंचकर मौका मुआयना किया।

### पुलिस ने चोरी के मोबाइल के साथ दो चोर पकड़े

**मीरगंज, अमृत विचार :** मीरगंज पुलिस ने चोरी के दो मोबाइल के साथ दो चोरों को साप्ताहिक बाजार से पकड़ा, दोनों के पास से ओप्पो कंपनी के मोबाइल बरामद हुई। आरोपियों ने अपने नाम अमन निवासी मोहल्ला माली और राजू निवासी मोहल्ला ठाकुरद्वारा बताए। दोनों ने बताया उन्होंने फतेहगंज पश्चिमी के बाजार से मोबाइल चुराए थे। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

### बड़ी बहन की शादी से पहले छोटी जेवर लेकर गई

**नवाबगंज, अमृत विचार :** बड़ी बहन की शादी से तीन दिन पहले छोटी बेटी घर में रखे गहने लेकर प्रेमी के साथ चली गई। उसके भाई ने बहन के प्रेमी के साथ ही उसके पिता, चाचा और भाई के विरुद्ध अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के एक परिवार में बेटी के विवाह की तैयारी चल रही थी, बेटी की बरात 9 जुलाई को आने वाली थी। तीन दिन पहले उसकी छोटी बहन प्रेमी के साथ चली गई। बहन के विवाह से निपटने के बाद उसके भाई ने उसके प्रेमी पुरनपुर की पंकज कॉलोनी निवासी अभिराज गुप्ता, अनिल गुप्ता, राजू गुप्ता और भाई जय गुप्ता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### रंजिशन मां-बेटे को पीटा चार पर रिपोर्ट दर्ज

**भमोरा, अमृत विचार :** गांव कैमुआ निवासी नसीम बानो ने बताया कि मंगलवार शाम मेरा बेटा असलम गांव की दुकान पर बैठा था। रंजिशन गांव निवासी भोला, मुकेश, अरविंद और मनोज गली गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों ने असलम को पीट दिया। बेटे के बचाने पहुंची उसके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराने के साथ ही आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की।

### ठेले में साइकिल छू जाने पर युवक को पीटा

**भमोरा, अमृत विचार :** साइकिल ठेले में लग जाने पर ठेले वाले ने साइकिल चालक से मारपीट की, सूचना पर पहुंचे परिजन से भी मारपीट की। ग्राम चांडपुर नवदिया निवासी ओमकार बरेली में राजमिस्त्री का काम करता है। मंगलवार शाम को साइकिल से सरदार नगर में लगने वाली साप्ताहिक बाजार चले गए। जहां साइकिल एक चाट के ठेले में लग गई। जिससे गुस्साए ठेले वाले ने ओमकार की जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंचे परिजन के साथ भी पुलिस की मौजूदगी में मारपीट की। जिससे ओमकार घायल हो गया बुधवार शाम तहरीर दे कार्रवाई की मांग की।

### मेढ़ के विवाद में चचेरे भाइयों ने दंपती को पीटा

**शीशगढ़, अमृत विचार :** मेढ़ के विवाद में चचेरे भाइयों ने दंपती से मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गांव बल्ली निवासी मोती राम ने बताया कि पिछले दिनों चचेरे भाई जीवन लाल ने यूकेलिप्टिस के पेड़ उसकी खेत की मेढ़ पर लगा दिए थे, उसने हटाने को कहा तो उसने मना कर दिया। विरोध पर जीवन लाल, भूपराम, कृष्ण पाल और सर्वेश ने उसे और उसकी पत्नी को पीटा। पुलिस ने घायल महिला को मेडिकल का मेडिकल कराने के बाद आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### आदर्श महाविद्यालय की आमसभा 4 अगस्त को

**नवाबगंज, अमृत विचार :** आदर्श महाविद्यालय हरदुआ, आदर्श शिक्षा समिति की आम सभा की बुधवार को होने वाली बैठक कोरम पूरा न होने के कारण स्थगित कर दी गई। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव के अनुसार अब यह बैठक 4 अगस्त को होगी।

## सार-संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा शुरू



**आंवला, अमृत विचार :** आंवला के पक्का कटरा ठाकुरद्वारा मंदिर स्थल पर बुधवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ शुरू हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां शामिल हुई। आयोजकों ने बताया कि मृदुल किशोर महाराज शाम 4 बजे से 8 बजे तक कथा सुनाएंगे। 30 जुलाई को फूलों की होली खेलने के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस दौरान शोभना अग्रवाल, विकास अग्रवाल, ऋतु अग्रवाल, सुमन शर्मा, गीता गुप्ता, मोनिका अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, लक्ष्मी शर्मा, खुशी शर्मा, राजेश सक्सेना, आशीष शर्मा एडवोकेट, दुर्गेश सक्सेना, गोपाल सिंह, निरंजन मौर्य, मुकेश कुमार शर्मा, प्रदीप अग्रवाल आदि शामिल रहे।

### महाकाल का जलाभिषेक करने श्रद्धालु रवाना



**बहेड़ी, अमृत विचार :** ओंकारेश्वर से महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक करने 22 सदस्यीय शिवभक्तों का जत्था बुधवार को उज्जैन रवाना हुआ, इससे पहले शिवभक्तों का बीजेपी नेता राहुल गुप्ता ने स्वागत किया। जत्थे में महंत सचिन रस्तोगी, लाल सिंह, राजन गुप्ता, ओमप्रकाश गंगवार, मुकेश रस्तोगी, विश्वास गुप्ता, विशाल मराठा, चंदन ठाकुर, अनुज व मुकेश रस्तोगी आदि मुख्य रूप से शामिल रहे। शिवभक्त नर्मदा नदी का जल भरकर 160 किमी दूरी तय करके महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग पर जलाभिषेक करेंगे।

### शिविर में उपकरण के लिए 78 दिव्यांगों का चयन

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बहेड़ी ब्लॉक परिसर में दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग का शिविर लगा। जिसमें वैशाखी, ट्राइसाइकिल, कान की मशीन जैसे आवश्यक उपकरण मुहैया कराने के लिए 78 दिव्यांगों का चयन किया गया। सभी पात्रों से फार्म भरवाए जाने के बाद सीएमओ दफ्तर से आए डॉ. राकेश कुमार ने वेरिफिकेशन कर उपकरण दिए जाने की संस्तुति की। कार्यक्रम में सशक्तिकरण विभाग की ओर से विनोद कुमार, रविंद्र राठौर, मोहित सिंह, सर्वेश कुमार, समेकित शिक्षा के ब्लॉक प्रभारी पवन पांडे का सहयोग रहा। पात्र दिव्यांग जनों को बताया गया कि बहुत जल्द स्थानीय स्तर पर ही कैंप लगाकर उपकरणों का वितरण कराया जाएगा।

### ढाई सौ कांवड़ियों का जत्था मध्य प्रदेश रवाना



**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** कस्बे से कांवड़ियों का जत्था महाकाल को जलाभिषेक करने के लिए बुधवार को रवाना हुआ। सीबीगंज के कांवड़ियों के साथ यह जत्था कई साल से महंत सत्यप्रकाश अग्रवाल और हरीश गुप्ता के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के नर्मदा घाट से जल भरकर उज्जैन महाकाल में जलाभिषेक करते हैं। इसी क्रम में बुधवार को ढाई सौ कांवड़ियों का जत्था बरेली जंक्शन से रवाना हुआ। इस मौके पर राज्यमंत्री अरुण सक्सेना के भाई अनिल सक्सेना ने कांवड़ियों का स्वागत किया। जत्थे में आशीष अग्रवाल, मुकेश भारद्वाज, शुभम अग्रवाल, सुचित अग्रवाल, दीनानाथ, सर्वेश गुप्ता, प्रिंस रस्तोगी, मेवाराम सागर, प्रशांत अग्रवाल, अमन गुप्ता समेत 250 श्रद्धालु शामिल हैं।

### 24 घंटे बाद तालाब में मिला युवक का शव

**दुनका, अमृत विचार :** दुनका के आनंदपुर गांव में नानी के घर रह रहे युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने बताया कि धर्मेंद्र बचपन से नाना– नानी के साथ रहता था। मंगवार शाम को बाजार से सब्जी खरीदकर खेत की रखवाली करने जा रहा था। इसी दौर दौरान पैर फिसल जाने से वह तालाब में गिर गया। देर रात तक घर नहीं लौटा तो परिजन तलाश में जुट गए, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बुधवार शाम 5 बजे उसका शव तालाब में उतराता दिखाई दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। धमेंद्र की मौत से उसकी पत्नी और बच्चों का रो– रोकर बुरा हाल है। वह अपने पीछे तीन बेटी और एक बेटा को छोड़ गई।

### एसडीएम कोर्ट में सात माह बाद भी नहीं पेश की रिपोर्ट

**देवरनियां, अमृत विचार :** सरकारी जमीन पर कब्जा रुकवाने के लिए एसडीएम कोर्ट में एक ग्रामीण ने मुकदमा दायर किया था। न्यायालय ने हल्का लेखपाल को आदेशित किया था कि पूरे मामले की रिपोर्ट न्यायालय में पेश करें, लेकिन सात माह बाद भी लेखपाल ने रिपोर्ट नहीं पेश की। तो पीड़ित ने हल्का लेखपाल की शिकायत डीएम को पत्र भेजकर की। ब्लॉक शेरगढ़ के गांव सेड़ा निवासी दाताराम ने डीएम को शिकायती पत्र देकर भेजकर बताया कि गांव की सरकारी जमीन पर कब्जा रुकवाने को लेकर उसने कुछ लोगों के खिलाफ एसडीएम कोर्ट में मुकदमा दायर किया था। न्यायालय ने हल्का लेखपाल को रिपोर्ट पेश के आदेश किए थे सात माह बाद भी रिपोर्ट नहीं प्रस्तुत की।

### मां के साथ बाजार गई किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज

**कैंट, अमृत विचार :** मां के साथ बाजार गई किशोरी को दूसरे समुदाय का युवक बहलाकर भगा ले गया। किशोरी की मां ने युवक के खिलाफ बेटी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि वह मंगलवार को सुबह 11 बजे 15 वर्षीय बेटी को साथ लेकर बच्चों की स्कूल ड्रेस लेने बाजार गई थी। इसी दौरान उसकी बेटी गायब हो गई। महिला ने बेटी से अनहोनी की आंशका जताते हुए नवाबगंज के गांव अतकटा नजराना निवासी अफरोज अंसारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि उसका परिवार और आरोपी थाना शाही क्षेत्र के एक ईंट भट्टे पर साथ में काम करते थे। वहीं आरोपी और उसकी बेटी की जान पहचान हुई थी। कई बार महिला ने बेटी को आरोपी युवक से फोन पर बात करते देखा था।

### बच्चों को मां के नाम पौधे लगाने की दिलाई शपथ



**भोजीपुरा, अमृत विचार :** राजकीय हाईस्कूल अलीनगर में प्रधानाचार्य मनोज दिवाकर के नेतृत्व में अध्यापकों और बच्चों ने पौधरोपण किया। प्रधानाचार्य ने छात्रों को एक पेड़ मां के नाम लगाने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने बताया कि एक पेड़ 50 साल में 17.50 लाख रुपये की ऑक्सीजन देता है। 35 लाख रुपये के वायु प्रदूषण को नियंत्रित करता है, 41 लाख रुपये के पानी की रिसाइक्लिंग करता है। 300 पेड़ मिलकर एक व्यक्ति द्वारा जीवन भर फैलाए गए प्रदूषण को खत्म कर सकते हैं एक साल में एक पेड़ 3 किलो कार्बनडाईऑक्साइड सोखता है तीन फीसदी के लगभग तापमान को कम करता है जमीन के कटाव को भी रोकता है।

### 22 दिव्यांग बच्चों को जारी किए गए प्रमाण पत्र

**शेरगढ़, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र डेलपुर में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए एक दिवसीय शिविर लगाया गया। जिसमें जिला स्तरीय डॉक्टरों की टीम ने ब्लॉक के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पंजीकृत दिव्यांग बच्चों का प्रारंभिक परीक्षण कर उनकी दिव्यांगता के आधार पर प्रमाण पत्र जारी किए। खंड शिक्षा अधिकारी शीशपाल सिंह ने बताया कि शिविर में 54 बच्चों का पंजीकरण किया गया, जिसमें सिर्फ 22 बच्चों के ही प्रमाण पत्र मौके पर जारी किए गए। शेष 10 बच्चों को जांच के लिए जिला अस्पताल रेफर करने की सलाह दी गई। शिविर में ब्लॉक के स्पेशल एजुकेटर परशुराम, राजवीर सिंह, रतिभान, ललित कुमार, मोहम्मद मोहसिन खान, निहाल खान समेत अन्य मौजूद रहे।

